श्री जीह.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड साईस, इंदौर (म0प्र0)

क्रमांकः निदेशक / 131 / 2022 / 981 दिनांकः 15 / 09 / 2022

परिपत्र

संस्थान में एक "नेचर क्लब" बनाया गया है जिसमें संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आध्यात्मिक रूप से ब्रम्हाण्ड से जुड़कर अपने को मजबूत करने के लिए एक आध्यात्मिक लायब्रेरी के निर्माण की योजना बनाई गई है।

इस आध्यात्मिक लायब्रेरी में सुबह, शाम, अवकाश के दिन एवं देर रात्रि तक विभिन्न तरह की आध्यात्मिक किताबों के निशुल्क पठन–पाठन एवं ज्ञान अर्जन की सुविधा उपलब्धहै।

सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, भूतपूर्व छात्र–छात्राओं एवं आप के साथी, सहपाठी जो भी इस कार्य में अपना स्वैच्छिक योगदान करना चाहते हैं तो वे आध्यात्मिक किताबें जो कि हिन्दी, इंग्लिश या अन्य किसी भाषा में हो, घर पर रखी हो या खरीदकर लाकर के संस्थान के नर्मदा भवन अतिथिगृह में श्री राजेश सिरसिया (मोबाईल नं. 97520095553) को सौंप सकते हैं।

साथ ही इन किताबों को रखने के लिए बुक–शेल्फ (जिसकी अनुमानित कीमत सात हजार रुपये है) भी अपने किसी प्रियजन के नाम से देना चाहें तो खरीदकर या घर से लाकर दे सकते हैं या निदेशक कार्यालय में नाम लिखवाकर राशि दे सकते हैं । बुक–शेल्फ यदि किसी की स्मृति में कोई देना चाहता है तो उसका नाम भी उसमें लिखवा दिया जाएगा।

सभी से अपेक्षा है कि इसे ज्यादा से ज्यादा प्रचारित कर इस पुण्य कार्य में भाग लें।

निदेशक

प्रति,

1/ सभी विभागाध्यक्ष
2/ सभी अनुभाग प्रभारी
3/ सभी सूचना पटल
4/ संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।